# उ0प्र0 पावर कारपोरेषन लिमिटेड

(उ0 प्र0 सरकार का उपकम)
शक्ति भवन, 14–अशोक मार्ग,
लखनऊ।
(सिन नं0–UP3201UP1999SGC024928)

संख्या–1546–स0प्र0–11 / पाकालि / 2017–8–स0प्र0 / 13 दिनांक 19 मई, 2017

## सूचना

कारपोरेशन मुख्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की तृतीय श्रेणी (कम्प्यूटर सहायक) के 05 रिक्त (01 अन्य पिछड़ा वर्ग, 04 सामान्य वर्ग) पदों पर चयन / नियुक्ति हेतु विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा (लिखित / टंकण) आयोजित की जानी है।

2. उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्हता इण्टरमीडिएट या समकक्ष होने के साथ–साथ कारपोरेशन मुख्यालय में चतुर्थ श्रेणी के पद पर दिनांक 01 जुलाई, 2016 को 05 (पॉच) वर्ष की नियमित सेवा है।

3. उपर्युक्त परीक्षा से सम्बन्धित विवरण उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 मुख्यालय लिपिकीय संवर्ग कर्मचारी सेवा विनियमावली–2015 के बिन्दु–15, भाग–छः के अनुसार संलग्न परिशिष्ट में इंगित है।

4. उपर्युक्त प्रस्तर–2 में उल्लिखित निर्धारित योग्यता / अर्हता पूर्ण करने वाले इच्छुक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप सचिवालय प्रशासन अनुभाग–11 से प्राप्त कर समस्त प्रविष्टियाँ पूर्ण कर आवश्यक प्रपत्रों के साथ विलम्बतम 05 जून, 2017 को सायं 4:00 बजे तक सचिवालय प्रशासन अनुभाग–11 (कक्ष सं0–606) में जमा कर दें। निर्धारित तिथि / समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

संलग्नक : यथाउपर्युक्त

(हेमन्त सिंह भण्डारी)
अनु सचिव (स0प्र0–11)

संख्याः 1546(1)–स0प्र0–11 / पाकालि / 2017, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. उ0प्र0 पावर कारपोरेशन मुख्यालय के समस्त अधिकारियों को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने अधीनस्थ समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उपर्युक्त सूचना से अवश्य अवगत करा दें।
2. नोटिस बोर्ड

(हेमन्त सिंह भण्डारी)
अनु सचिव (स0प्र0–11)

Letter-10 RATHORE

(7) **परिशिष्ट**

## भाग–छ : विभागीय प्रोन्नति प्रक्रिया

चतुर्थ श्रे (समूह –घ) से कम्प्यूटर सहायक के पद पर विभागीय परीक्षा के माध्यम से प्रोन्नति

कम्प्यूटर सहायक के 40 प्रतिशत पद, मुख्यालय के चतुर्थ श्रेणी (समूह–घ) के स्थायी कार्मिकों मे से विभागीय परीक्षा द्वारा अधोलिखित प्राविधानानुसार भरे जायेगें

(1) विभागीय परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिये पात्रता

(i) अभ्यर्थी न्यूनतम इण्टरमीडिएट की शैक्षिक योग्यता रखता हो।

(ii) चतुर्थ श्रेणी के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो।

(iii) विगत 05 वर्षों की सत्यनिष्ठा प्रमाणित हो, तथा

(iv) विगत 05 वर्षों मे से कम से कम 03 वर्षों की गोपनीय प्रविष्टि संतोषजनक हो, जिसमे से अन्तिम वर्ष की प्रविष्टि का संतोषजनक होना आवश्यक है।

(2) विभागीय परीक्षा का प्रारूप :–

(क) टंकण परीक्षा— 05 मिनट की हिन्दी टंकण परीक्षा में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ही लिखित परीक्षा मे सम्मिलित होने के पात्र होंगे। टंकण परीक्षा कम्प्यूटर पर ली जायेगी।

(ख) लिखित परीक्षा :

वस्तुनिष्ठ (**Objective**)

| प्रश्न | विषय | प्रश्नों की सं0 | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य अध्ययन | 50 | 50 |
| 2. | सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण | 50 | 50 |
| | योग | | 100 |

टिप्पणी

1. लिखित परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न 01 (एक) अंक का होगा परन्तु गलत उत्तर के लिये अंक कम नही किये जायेगें।
2. विभागीय लिखित परीक्षा द्वारा उपरोक्त चयन हेतु संयुक्त सचिव (सचि0प्रशा0) की अध्यक्षता मे एक चार सदस्यीय समिति का गठन किया जायेगा जिसमे उप सचिव/अनु सचिव स्तर के तीन अधिकारी सदस्य होगें। सदस्यों मे एक अधिकारी अनुसूचित जाति का, दूसरा अन्य पिछड़े वर्ग का तथा तीसरा अल्पसंख्यक वर्ग का होगा।
3. लिखित परीक्षा में सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण का पाठ्यक्रम इण्टरमीडिएट स्तर का होगा।
4. लिखित परीक्षा के लिये प्रश्न–पत्रों का प्रारूप चयन समिति निर्धारित करेगी।
5. लिखित परीक्षा में अधिक से कम अंक प्राप्त करने के क्रम मे चयन समिति द्वारा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता सूची तैयार कर अग्रेतर कार्यवाही हेतु नियुक्ति अधिकारी को प्रेषित की जायेगी।
6. लिखित परीक्षा में दो या अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक पाने की स्थिति मे, उस अभ्यर्थी का नाम ज्येष्ठता सूची मे ऊपर रहेगा जिसकी उम्र अधिक होगी किन्तु अंक एवं उम्र दोनों के समान होने की स्थिति मे टंकण परीक्षा मे अधिक गति प्राप्त करने वाला अभ्यर्थी ज्येष्ठता सूची मे ऊपर रहेगा।

Ganpati Rastogi

(क्रमशः.....8)